# युवाओं को रोजगार देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध

## 91 नर्सिंग ऑफिसर्स को नियुक्ति पत्र किए प्रदान



**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 7 नवंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश के युवाओं को रोजगार देने के लिये हमारी सरकार प्रतिबद्धतापूर्वक कार्य कर रही है.**

लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा और वन विभाग का 877 पदों के लिए चयनित अधिकारी-कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर हम अपना वादा पूरा करने की तरफ एक कदम और बढ़ा रहे हैं. यह नियुक्तियां विकसित मध्यप्रदेश के हमारे सामूहिक संकल्प का एक पड़ाव है. हमें आत्मनिर्भर और विकसित भारत के लिए आत्मनिर्भर और विकसित मप्र की नींव मजबूत करनी है. वन, जहां बेहतर पर्यावरण का आधार है, वहीं स्वास्थ्य विभाग जनसामान्य के जीवन और स्वास्थ्य की रक्षा करता है. वन विभाग और लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग की सेवा में आज प्रवेश ले रहे अधिकारी-कर्मचारी मजबूत, सुरक्षित, समृद्ध और स्वस्थ मध्यप्रदेश के निर्माण में पूरी प्रतिबद्धता से अपना योगदान देंगे, हम ऐसी अपेक्षा करते हैं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में वन एवं स्वास्थ्य विभाग के नियुक्ति एवं पदस्थापना आदेश वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे. इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नवनियुक्त अधिकारी-कर्मचारियों को प्रेरित करते हुए कहा कि भारत रत्न डॉ. एपीजे. अब्दुल कलाम कहते थे कि सपना वो नहीं, जो आप सोते हुए देखते हैं, सपना वो है, जो आपको सोने नहीं देता. शासकीय सेवा में प्रवेश एक उपलब्धि के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है. जनता का विश्वास शासकीय सेवक की सबसे बड़ी पूंजी है. प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं का तेजी से विस्तार हो रहा है. स्वास्थ्य सेवाओं को त्वरित, विश्वसनीय और अधिक प्रभावी बनाने में नए अधिकारी-कर्मचारियों का भी सहयोग मिलेगा.

### वन क्षेत्रपाल, वनरक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रतीक स्वरूप मनीषा मुकाती, रवि यादव, सोमेश शर्मा, नीरज अंब को वन क्षेत्रपाल के नियुक्ति पत्र प्रदान किए. इसी प्रकार चंद्रपाल सिंह तोमर, कुमारी हिमांगिनी राहंगडाले और अंजना परते को वन रक्षक के नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए. स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत डॉ. नेहानंदन चौरसिया, डॉ. राम आशीष शुक्ला, डॉ. मंजूलता आर्य, डॉ. जितेन्द्र कैथवाल, डॉ. भूमा भावना और डॉ. नितिन कुमार को नियुक्ति पत्र सौंपे गए. उल्लेखनीय है कि वन विभाग द्वारा नवनियुक्त 76 वन क्षेत्रपाल और 467 वनरक्षकों को आज नियुक्ति पत्र जारी किए गए. लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग में नवनियुक्त 75 एनेस्थेसिया विशेषज्ञों, 62 सर्जन, 106 शिशु रोग विशेषज्ञ और 91 नर्सिंग ऑफिसर्स को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए.

# साहित्य से आर्थिक, सांस्कृतिक और बौद्धिक चेतना मिलती है : कोविंद

## पूर्व राष्ट्रपति श्री कोविंद ने किया अखिल भारतीय साहित्य परिषद के अधिवेशन का शुभारंभ





**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 7 नवम्बर, अखिल भारतीय साहित्य परिषद के 17वें अधिवेशन का शुभारंभ पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने किया. रीवा के कृष्णा राज कपूर आडिटोरियम में आयोजित समारोह में पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि विन्ध्य साहित्य और संगीत के साधकों की भूमि है. यह बीरबल और तानसेन जैसे व्यक्तियों की जन्मभूमि है.**

विन्ध्य सफेद बाघ के लिए पूरी दुनिया में विख्यात है. विन्ध्य ने हमें सफेद बाघ ही नहीं वर्तमान में थल सेना अध्यक्ष उपेन्द्र द्विवेदी और नौ सेना अध्यक्ष एडमिरल दिनेश त्रिपाठी दिए हैं. यह विन्ध्य ही नहीं पूरे देश के लिए बहुत बड़ा गौरव है. अखिल भारतीय साहित्य परिषद के तीन दिवसीय अधिवेशन ने देश भर के साहित्यकारों और विद्वानों को इस पावन भूमि के सानिध्य का अवसर दिया है. अधिवेशन का मूल वाक्य आत्मबोध से विश्वबोध है. अपने आपको जब हम ठीक से जानकर सच्चे अर्थों में आत्मबोध कर लेंगे तभी हमें विश्व का बोध होगा. पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि जो स्वयं को जान लेता है वही विश्व कल्याण कर सकता है. जब आत्मबोध और आत्मशक्ति क्षीण होने लगती है तब हम पराभव की ओर जाते हैं. ऐसे में राष्ट्र गुलामी की जंजीरों में जकड़ जाता है. देश में सदियों की पराधीनता में भी साहित्य ने बौद्धिक चेतना और सांस्कृतिक मूल्यों का दीप जलाए रखा. स्वाधीनता संग्राम में साहित्य और साहित्यकारों का अतुलनीय योगदान है. स्वाधीनता के बाद देश में विकास की चेतना के लिए भी साहित्य सशक्त माध्यम बना. साहित्य से ही हमें आर्थिक, सांस्कृतिक और बौद्धिक चेतना मिलती है. इन्हें साहित्य ही एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक ले जाता है.

**साहित्य परिषद अधिवेशन के विचार मंथन का अमृत देश को दिशा देगा: शुक्ल**- समारोह में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि साहित्य परिषद के तीन दिवसीय अधिवेशन में विद्वानों द्वारा किए गए विचार मंथन से जो अमृत निकलेगा वह देश को नई दिशा देगा. रीवा में अधिवेशन का आयोजन होना हम सबके लिए बहुत बड़ा गौरव है. विन्ध्य को महामृत्युंजय भगवान, माँ शारदा, माँ विन्ध्यवासिनी, चिरहुलानाथ स्वामी, रानी तालाब की कालिका देवी का आशीर्वाद प्राप्त है. माँ नर्मदा का उद्गम स्थल अमरकंटक और भगवान राम की तपोभूमि चित्रकूट भी विन्ध्य में ही है. आज का दिन हम वंदे मातरम गीत के 150वें स्मरोणत्सव को मना रहे हैं. आज ही इस अधिवेशन का शुभारंभ हमारे लिए अविस्मरणीय है.

**रेवाखण्डे पुस्तिका का पूर्व राष्ट्रपति ने किया विमोचन** – समारोह में साहित्य परिषद के वरिष्ठ साहित्यकार विश्वास पाटिल ने रोचक संस्मरणों के साथ अपनी साहित्यिक यात्रा और साहित्य परिषद के कार्यों की जानकारी दी. समारोह में साहित्य परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ ऋषि कुमार मिश्र ने साहित्य परिषद के कार्यों और उपलब्धियों का विवरण प्रस्तु किया. समारोह में पूर्व राष्ट्रपति ने रेवाखण्डे पुस्तिका का विमोचन किया. समारोह में पूर्व राष्ट्रपति को साहित्य परिषद की ओर से स्मृति चिन्ह और सुपारी की कलाकृति भेंट कर सम्मानित किया गया. समारोह में सांसद जनार्दन मिश्र, विधायक मऊगंज प्रदीप पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, साहित्य परिषद के राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्रीधर पराड़कर, साहित्य परिषद के अध्यक्ष डॉ सुशीलचंद्र त्रिवेदी तथा प्रांताध्यक्ष राकेश सोनी, जिलाध्यक्ष शिवानंद तिवारी तथा अधिवेशन संयोजक चंद्रकांत तिवारी सहित देश भर के एक हजार से अधिक साहित्यकार शामिल हुए. अधिवेशन का संचालन साहित्य परिषद के संयुक्त महामंत्री डॉ पवनपुत्र बादल ने किया.

# नियुक्तियां रहेगी आदेश के अधीन: हाईकोर्ट

**जबलपुर, 7 नवंबर. सिविल जज भर्ती परीक्षा 2022 की नियुक्तियो में हुई अनियमितताओं, शत- प्रतिशत आरक्षण लागू करने सहित अनारक्षित वर्ग में योग्यता के आधार पर आरक्षित वर्ग के अभ्यार्थियों को शामिल नहीं किये जाने को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी।**

> उक्त भर्ती परीक्षा के तीनो चरण ( प्रारंभिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा तथा साक्षात्कार ) के बाद मात्र 79 अभ्यर्थी योग्य पाए गए। जिनमे ओबीसी के 15 एस.सी. वर्ग के 03 तथा एस.टी.वर्ग के एक भी नहीं है। याचिका में कहा गया था कि बैकलाग पद सिर्फ आरक्षित वर्ग के लिए निकाले जाते है। इसके अलावा अनाक्षित वर्ग में एक भी आरक्षित वर्ग के मेरिटोरियस अभ्यार्थी का चयन नहीं किया गया।

हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव कुमार सचदेवा तथा जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने सुनवाई करते हुए कहा है कि सिविल जज भर्ती परीक्षा 2022 की नियुक्तियां आदेश के अधीन रहेगी। याचिका पर अगली सुनवाई 21 नवम्बर को निर्धारित की गयी है।

याचिकाकर्ता एडवोकेट यूनियन फार डेमोक्रेसी एन्ड सोशल जस्टिस नामक संस्था की तरफ से दायर जनहित याचिका में मध्य प्रदेश उच्च न्यायलय जबलपुर द्वारा सिविल जज की भर्ती परीक्षा 2022 मे भर्ती नियम 1994 में किए गए संशोधन को चुनौती दी गयी थी। याचिका में कहा गया था कि 199 पद विज्ञापित किए गए थे। जिनमे से अनारक्षित वर्ग के कुल 48 पद में 17 बैकलाग, अनुसूचित जाति के कुल 18 पद में 11 बैकलाग, अनूसूचित जन जाति के 121 पद में 109 बैकलाग तथा ओबीसी के कुल 10 पद में 01 बैकलाग के निकाले गये थे। इस तरह कुल 199 पद में 138 बैकलाग जिसमे 06 पद दिव्यांगों के शामिल है.



# कलेक्ट्रोरेट में वंदे मातरम गीत का हुआ गायन

**नवभारत न्यूज**


**सिंगरौली 7 नवम्बर। वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 7 नवम्बर से 7 नवम्बर 2026 तक जिले में वंदे मातरम और ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को दृष्टिगत वर्ष भर विविध गतिविधियां चार चरणों में व्यापक रूप से आयोजित किए जाएंगे।**

इस अवसर पर आज दिन शुक्रवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में राज्यमंत्री राधा सिंह, प्रभारी कलेक्टर जगदीश गोमे के उपस्थित में पूरी गरिमा के साथ वन्दे मातरम का गायन किया गया। इस दौरान एसडीएम सिंगरौली सुरेश जाधव, भाजपा जिलाध्यक्ष सुन्दर लाल शाह, संयुक्त कलेक्टर संजीव पांडेय, डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की, डीईओ एसबी सिंह, डीपीसी आरएल शुक्ला, महिला बाल विकास अधिकारी जीतेन्द्र गुप्ता सहित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# 47 विधानसभाओं से गुजरेगी जनजातीय गौरव यात्रा

**उत्साहपूर्वक मनाया जाएगा भगवान बिरसा मुंडा का जन्मदिवस**

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने दी पत्रकार वार्ता में दी जानकारी**



**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 7 नवंबर. प्रदेश में भगवान बिरसा मुंडा के 150 वें जन्मदिवस के अवसर पर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा. जिसमें प्रदेश भाजपा सहभागिता करेगी.**

11 नवंबर से प्रदेश के 24 जिलों की 47 जनजातीय बहुल विधानसभाओं से जनजातीय गौरव यात्राएं निकलेंगी. ये यात्राएं हरदा, अनूपपुर, डिंडोरी, मंडला, बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, खरगोन, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, रतलाम, सीधी, सिंगरौली, शहडोल, बैतूल, कटनी, बुरहानपुर, खंडवा, जबलपुर, उमरिया और देवास जिलों में लगातार 4 दिनों तक चलेंगी. इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों के तहत जनजातीय स्वाभिमान सम्मेलन, विशिष्ट जनजातीय व्यक्तियों का सम्मान, कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों में कार्यक्रम, जनजातीय स्मारकों, देवस्थानों की साफ सफाई, संरक्षण एवं दीपोत्सव किया जाएगा. यात्राओं के दौरान चौपालों का आयोजन होगा और यात्राओं का रात्रि विश्राम गांवों में होगा. यात्राओं का समापन 15 नवंबर को जबलपुर और अलीराजपुर में होगा.


यह जानकारी शुक्रवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकार वार्ता के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने दी. उन्होंने बताया कि भगवान बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवंबर, 1875 को एक किसान परिवार में हुआ था।

> **कौन किस दल में हैं, वे ही बताएंगी**
>
> पत्रकारों के एक सवाल के जवाब में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा में 164 विधायक हैं, उनके नाम पूछेंगे तो मैं बता दूंगा. अब कौन किस दल में हैं ये उसी से पूछो वे ही बताएंगे. एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि भारत का चुनाव आयोग जितनी निष्पक्षता से काम करता है, उसका लोहा पूरी दुनिया मानती है. वोटर लिस्ट की सही जांच हो, सही मतदाता छूटे नहीं और गलत मतदाता जुड़े नहीं, इसलिये ही एसआईआर की प्रक्रिया हो रही है.

# शिवपुरी में सातवीं कक्षा का छात्र हुआ लापता

**शिवपुरी.** मध्यप्रदेश में शिवपुरी कोतवाली क्षेत्र के लाल माटी इलाके में रहने वाला सातवीं कक्षा का छात्र रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गया. छात्र घर से कोचिंग जाने का कहकर निकला था, लेकिन शाम तक वापस नहीं लौटा. 14 वर्षीय अर्जुन धाकड़ कल सुबह अपने घर से कोचिंग जाने के लिए निकला था. जब देर शाम तक वह घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की. आसपास के इलाकों में और उसके दोस्तों से पूछताछ के बाद भी उसका कोई पता नहीं चला. इसके बाद परिजनों ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी. सूचना मिलते ही पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर छात्र की तलाश शुरू कर दी है.

# आंदोलन का मंत्र बना था वंदे मातरम



> ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों से देशभर में राष्ट्रभक्ति की भावना को नई ऊर्जा मिलेगी और युवाओं में आजादी के वीर सपूतों के बलिदानों के प्रति जागरूकता बढ़ेगी. समारोह में पूर्व विधायक मुन्नालाल गोयल, राजेन्द्र बघेल सहित अनेक जनप्रतिनिधि और जिला प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे.

**ग्वालियर, 7 नवंबर. राष्ट्रगीत वन्दे मातरम की 150वीं वर्षगांठ देशभर की तरह ग्वालियर में भी पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई.**

जिले का मुख्य समारोह बाल भवन में आयोजित हुआ, जिसमें विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर और ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने कहा कि वंदे मातरम्म आजादी के आंदोलन का सिद्ध मंत्र बना था.

हमारे पूर्वजों ने परतंत्रता की बेड़ियां तोड़ने के लिए इस राष्ट्रगीत को अपने हृदय से अपनाया और इसके गायन के साथ ही स्वतंत्रता के लिए प्राण न्यौछावर किए. उन्होंने कहा कि जैसे पूजा और वंदना से आस्था की शक्ति मिलती है, वैसे ही आजादी के आंदोलन में वन्दे मातरम का गायन हमारे पूर्वजों के लिए राष्ट्र आराधना का माध्यम बना. तोमर ने कहा कि जब तक हम आजादी के संघर्ष और शहीदों की कुर्बानियों को याद नहीं करेंगे, तब तक स्वतंत्रता का वास्तविक मूल्य नहीं समझ पाएंगे.


**आम सूचना**

सूचित किया जाता है कि आनन्द कुमार, रजनीश कुमार, राजेश कुमार, सुनील कुमार सभी के पिता राजकुमार बडकुर सभी निवासी तरहटी रीवा जो भूमि ख0नं0 ख0नं0 224/2 शामिल नं0 225/1 रकबा 0.018 हे0 स्थित ग्राम मैदानी 535, हल्का करहिया 25, तह0 हुजूर नगर के मालिक भूमिस्वामी द्वारा संयुक्त रूप से पिता श्री राजकुमार तनय स्व0 मूलचन्द्र के पक्ष में मुख्तारआम नियुक्त किया गया था तदोपरान्त मुख्तारआम श्री राजकुमार तनय स्व0 मूलचन्द्र के द्वारा जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 22.10.2014 के माध्यम से ख0नं0 224/2 शामिल नं0 225/1 रकवा 0.018 हे0 को प्रदीप कुमार गुप्ता तनय सुरेश कुमार गुप्ता के पक्ष में विक्रय कर स्वत्व स्वामित्व अंतरित कर दिया था व तत्पश्चात प्रदीप कुमार गुप्ता तनय सुरेश कुमार गुप्ता द्वारा उपरोक्त भूमि को जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 04.01.2019 के माध्यम से श्री भारत कुमार मिश्रा तनय रामकरण मिश्रा के पक्ष में विक्रय कर स्वत्व, स्वामित्व सौप दिया। तदोपरांत श्री भारत कुमार मिश्रा तनय रामकरण मिश्रा द्वारा ख0नं0 224/2/1 सामिल नंबर 225/1 रकवा 0.013 हे0 स्थित ग्राम मैदानी 535, हल्का करहिया 25, तह0 हुजूर नगर जिला रीवा के मूल हक विलेख को यूको बैंक मुख्य शाखा रीवा के समक्ष साम्यिक बंधक कर ऋण प्राप्त किया जा रहा है, यदि किसी भी आमजन को कोई भी आपत्ति हो तो कृपया 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति दर्ज कराये।

अधिवक्ता
विनय तिवारी, रीवा


# शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय पथरी मे नहीं बनता मध्यान भोजन

**नवभारत न्यूज**

**सिरमौर 7 नवंबर, शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय पथरी में शासन के नियमों को दरकिनार करते हुए चरम सीमा परअनियमितता देखने को मिली मीडिया 1.15 पर पहुंची विद्यालय में लंच हो चुका था बच्चे घूम रहे थे जब वहां के छात्रों से पूछा गया कि आप लोग क्यों घूम रहे हैं बोले भोजन नहीं मिलता.**

वहां के उपस्थित शिक्षकों से पूछा गया की विद्यालय में लंच कितने समय होता है बताएं 1.30 बजे तो फिर आज क्यों बोले मध्यान मत ध्यान भोजन नहीं बनता है इस कारण से पहले छुट्टी लंच कर दिए क्योंकि बच्चे घर खाना खाने जाते हैं दूसरी ओर पता चला कि शिव शक्ति समूह पथरी के द्वारा एक हफ्ते से मध्यान भोजन नहीं बनवाया जा रहा है जिसके अध्यक्ष उमा चतुर्वेदी है औरसचिव प्रेमलता साहू जिसकी लिखित शिकायत विद्यालय के प्रभारी हेड मास्टर सुखी नंद साकेत के द्वारा बीआरसी कार्यालय को लेटर में लिखकर दे चुके हैं लेकिन आज तक भी कोई सुधार नहीं आया वहां के सरपंच अनिल कुमार कुशवाहा ने बताया कि यहां पर काफी अनिवार्यता है बच्चों को मध्यान भोजन एक हफ्ते 10 दिन से नहीं मिल रहा है यदि हम जांच करते हैं कहते हैं तो हमारे ऊपर स्वयं आरोप लगाया जाता है कि हमसे घोष मांगते हैं इतना ही नहीं वहां के अभिभावक में भी काफी आक्रोशित देखने को मिला बच्चे भी काफी दुखी थे नजर आए शासन प्रशासन से वहां के सरपंच अनिल कुमार कुशवाहा ने माफ किए हैं की ब्रा के द्वारा निरीक्षण कर उचित कार्रवाई कर मध्यान भोजन का कार्यक्रम कराया जाए एवं समूह को बदल जाए. अब देखते हैं की शासन एवं प्रशासन क्या कार्रवाई करता है अतिथि शिक्षक अर्पित मिश्रा के द्वारा बताया गया कि हमारे यहां कल बने छात्र हैं जिसमें 55 प्राथमिक और 37 मिडिल में है यहां पर हेड मास्टर सुखी नंद साकेत जी हैं जो की बी यल ओ के कार्य से सिरमौर गए हुए हैं लक्ष्मी वर्मा जी प्राथमिक में अ कांक्षा तिवारी जीअनीता प्रजापति, अनिल तिवारी उपस्थिति है बच्चों के पासड्रेस ट नहीं था बताया गणवेश शासन के द्वारा दिया ही नहीं गया विद्यालय का अनुशासन सही नहीं दिखा ऐसा दिखा कीशासन के नियमों पर पानी फिरता नजर आ रहा है.

# स्वरोजगार योजनाओं के निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध शत प्रतिशत प्रकरण बैंकों को भेजे : जगदीश

## जिला पंचायत सीईओ की अध्यक्षता में डीएलसीसी की बैठक आयोजित



**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 7 नवम्बर। जिला पंचायत सीईओ जगदीश गोमे ने कलेक्ट्रेट सभागार में नवम्बर माह में प्रस्तावित संभाग स्तरीय रोजगार एवं स्वरोजगार मेला की तैयारियों की कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा की।**

बैठक में सभी विभागीय अधिकारियों एवं बैंक प्रतिनिधियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि स्वरोजगार योजनाओं के प्रकरणों को प्राथमिकता के साथ निपटाया जाए तथा आगामी 15 नवम्बर तक सभी पात्र आवेदकों को योजनाओं का लाभ स्वीकृत किया जाए। जिला पंचायत सीईओ ने निर्देशित किया कि सभी विभागीय अधिकारी आगामी एक सप्ताह में स्वरोजगार योजनाओं के निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध शत प्रतिशत प्रकरण बैंकों को भेजें। साथ ही सभी बैंक शाखा प्रबंधक प्रकरणों का परीक्षण कर उनकी स्वीकृति सुनिश्चित करें। विभागीय अधिकारी अपनी विभागीय योजना अंतर्गत निरस्त प्रकरणों के संबंध में हितग्राहियों से जानकारी प्राप्त करें। यदि किसी दस्तावेज की कमी से प्रकरण निरस्त किया गया होता उसकी पूर्ति कर प्रकरण पुनः बैंकों को प्रस्तुत करें। उन्होंने लीड बैंक प्रबंध को निर्देशित किया कि बैंकों की समीक्षा कर योजनाओं प्रकरणों के कार्य है के लिए बैंक का सप्ताह में 2 दिवस निर्धारित कर प्रकरणों का निराकरण किया जाना सुनिश्चित करें। एनआरएलएम की पूरी टीम अपने निर्धारित क्षेत्रों में पूरी सक्रियता के साथ कार्य करें। कृषि सखी बैंकों के साथ लगातार सम्पर्क बनाए रखें और हितग्राही मूलक योजनों के प्रकरणों को प्रस्तुत करें तथा ब्रांच स्तर पर उपलब्ध प्रकरणों को भी विभागीय अधिकारी संज्ञान में ले।

बैठक के दौरान जिला पंचायत अतिरिक्त सीईओ अरविंद डामोर, जीएम डीआईसी नवीन कुशवाहा, एलडीएम रणजीत सिंह, डीपीएम मंगलेश्वर सिंह, सहायक आयुक्त जन जाति कार्य विभाग मिथिलेश ईवने नोडल अधिकारी स्वनिधि योजना ननि अक्षत उपाध्याय सहित जिलाधिकारी एवं बैंकर्स मौजूद रहे।

**कांग्रेस का शिविर** | **प्रशिक्षण शिविर में अर्थव्यवस्था और राजनीति पर चर्चा**

# भाजपा ने एक भ्रमपूर्ण आर्थिक छवि तैयार की : चक्रवर्ती



**विशेष संवाददाता**

**पचमढ़ी, 07 नवम्बर. पचमढ़ी में जिला कांग्रेस अध्यक्षों के लिए आयोजित चल रहे संगठन सृजन प्रशिक्षण शिविर के छठवें दिन गुरुवार को भारतीय अर्थव्यवस्था और समकालीन राजनीतिक परिदृश्य पर केंद्रित एक विशेष सत्र आयोजित किया गया.**

यह सत्र ऑल इंडिया प्रोफेशनल्स कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण चक्रवर्ती द्वारा संचालित किया गया, जिन्होंने प्रतिभागियों के साथ अपने व्यापक अनुभव और विश्लेषण साझा किए.

चक्रवर्ती ने अपने संबोधन में मौजूदा केंद्रीय सरकार की आर्थिक नीतियों की समीक्षा करते हुए कहा कि वर्तमान भारतीय जनता पार्टी सरकार ने आंकड़ों की चुनिंदा प्रस्तुति और प्रचार आधारित नारों के माध्यम से एक भ्रमपूर्ण आर्थिक छवि तैयार की है.

उन्होंने कहा कि वास्तविक आर्थिक स्थिति सरकार द्वारा प्रस्तुत दावों और 'विकास' के प्रचार से काफी अलग है. उन्होंने रोजगार, मुद्रास्फीति, कृषि, छोटे उद्योगों और सरकारी व्यय पर आधारित प्रामाणिक आंकड़ों के माध्यम से इसकी व्याख्या की.

सत्र के दौरान चक्रवर्ती ने एक विस्तृत प्रेज़ेंटेशन के माध्यम से आर्थिक नीतियों के प्रभाव और उनके सामाजिक-आर्थिक परिणामों पर चर्चा की. उन्होंने बताया कि कैसे कुछ नीतिगत निर्णयों ने छोटे व्यापारियों, किसानों और आम नागरिकों की आजीविका पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है.

> प्रस्तुति के बाद प्रश्नोत्तर सत्र भी आयोजित हुआ, जिसमें जिला कांग्रेस अध्यक्षों ने जमीनी स्तर पर सामने आने वाली आर्थिक समस्याओं से जुड़े सवाल पूछे और नीति पक्षों पर स्पष्टीकरण प्राप्त किया. प्रतिभागियों ने इस सत्र को अत्यंत उपयोगी बताया और कहा कि इससे उन्हें न केवल वर्तमान आर्थिक परिस्थितियों की स्पष्ट समझ मिली, बल्कि जनता के बीच इन मुद्दों को तथ्यात्मक और प्रभावी तरीके से प्रस्तुत करने की दिशा में मार्गदर्शन भी प्राप्त हुआ.


**न्यायालय तहसीलदार तहसील रघुराजनगर जिला सतना (म0प्र0)**

क्रमाक 1137 / प्रवा. सतना / तह0रघ0/2025

सतना दिनाक 06-11-25

रा.प्र.क्र. 6273/अ 6/2024-25

श्रेयांश सिंह तनय श्री ललन सिंह निवासी वार्ड नं. 06 मुख्यारगंज सतना तहसील रघुराजनगर जिला सतना म0प्र0 .....आवेदक

बनाम

1-अवध बिहारी सिंह पिता तेजप्रताप सिंह (फौत)
2-श्रीमती चम्पावती उर्फ चम्पा देवी पति अवधबिहारी सिंह (फौत) निवासी मुख्यारगंज रातना तहसील रघुराजनगर जिला सतना ......आवेदक गण

**आम इश्तहार**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि श्रेयांश सिंह तनय श्री ललन सिंह निवासी वार्ड नं. 06 मुख्यारगंज सतना तहसील रघुराजनगर जिला सतना द्वारा म0प्र0 भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109/110 अन्तर्गत मौजा बरदाडीह की आराजी नं. 1/18 रकवा 0.0100 हे0 का नामांतरण जरिये बसीयतनामा दिनांक 25.01.2023 के आधार पर नामांतरण हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया। प्रकरण पंजीबद्ध कर इश्तहार का प्रकाशन किया गया।
अत: प्रकरण में सभी हितबद्ध पक्षकारों को सूचित किया गया जाता है कि पेशी दिनाक 21-11-25 को अपना पक्ष समर्थन करने हेतु स्वयं या अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित हो। पेशी दिनांक के पश्चात उपस्थित होने पर आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। जिसके स्वयं पक्षकार गण जवावदार होगें।
पेशी-21-11-25
आज दिनांक 06-11-25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी।

मोहर
तहसील दार
तहसील रघुराजनगर जिला सतना (म.प्र.)



# कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा, जिला- रीवा (म.प्र.)

**// निविदा सूचना//**

क्रमांक- 846/ई-टेण्डर/ लेखा /न.पा.नि./2025 रीवा दिनांक 06.11.2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत संस्थाओं/फर्मो से ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक एवं जारी तथा ह्ढ्ढ्र क्रमांक / दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | 2025 UAD_456031_2 06.11.2025 [SECOND CALL] 835/ 06.10.2025 | Selection of Credit Rating Agency: Consultancy Services for carrying out Credit Rating for Rewa Municipal Corporation. | 03 माह | रु. 2000.00 | 24.11.2025 18.00 बजे तक |

**नोट**- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

उपायुक्त ( वित्त )
नगर पालिक निगम रीवा ( म.प्र. )


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा मौजा कोलगवां, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित. संपादक- संजय पयासी * फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99